प्रेषक— सचिव,

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,

रामनगर (नैनीताल)

सेवा में,

मुख्य शिक्षा अधिकारी,

समस्त जनपद,

उत्तराखण्ड

पत्रांक— 41-46 /शोध एवं पाठ्यक्रम/ए–272 /2024–25/दिनांकः 14-05-2024

विषय— सत्र 2024–25 हेतु कक्षा 11 के संस्कृत, हिन्दुस्तानी संगीत गायन, हिन्दुस्तानी संगीत वादन तथा हिन्दुस्तानी संगीत पर्कसन के पाठ्यक्रम अपलोडिंग के सम्बन्ध में

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु 11 के संस्कृत, हिन्दुस्तानी संगीत गायन, हिन्दुस्तानी संगीत वादन तथा हिन्दुस्तानी संगीत पर्कसन का संशोधित पाठ्यक्रम परिषद् की वैब साइट www.ubse.uk.gov.in के syllabus आइकन पर अपलोड किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि संशोधित पाठ्यक्रम के अनुरूप पठन–पाठन कराए जाने हेतु अपने जनपद के समस्त राजकीय/वित्तपोषित/तथा स्ववित्तपोषित इण्टर कालेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित करने का कष्ट करें। प्रधानाचार्य अपने विद्यालय के अध्यापकों को यह भी निर्देशित करने का कष्ट करेंगे कि वे पाठ्यक्रम तथा प्रश्नपत्रों के स्वरूप के सम्बन्ध में नवीनतम सूचनाओं से अवगत होने के लिए समय–समय पर परिषद की आधिकारिक वैबसाइट www.ubse.uk.gov.in का अवलोकन अवश्य करते रहें।

कक्षा 11 तथा 12 के पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में किसी भी जिज्ञासा के समाधान के लिए कार्यालय अवधि में निम्न अधिकारी/शोध अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है–

1– श्री बी0 एम0 एस0 रावत, अपर सचिव– 8755617431
2– श्री शैलेन्द्र जोशी, शोध अधिकारी– 7055513072

14/5/2024

(वी0 पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)

पृ0स0 51-56 /शोध एवं पाठ्यक्रम/ए– 272 /2024–25/दिनांकः उक्तवत
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– सभापति,उ0वि0शि0प0,रामनगर/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, देहरादून।
2– निदेशक, अकादमिक एवं प्रशिक्षण, देहरादून।
3– अपर निदेशक, एस0 सी0 ई0 आर0 टी0, देहरादून।
4– समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मु0 शि0 अ0, सम्बन्धित जनपद।
5– प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, समस्त शासकीय तथा अशासकीय इण्टर कालेज एवं हाईस्कूल द्वारा मु0 शि0 अ0 सम्बन्धित जनपद।

14/5/2024

(वी0 पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)